उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com

संख्याः 526 /2024–25 देहरादूनः दिनांक 19 जून, 2024

।। संवाद ।।

विषयः– राज्य/जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के पदों हेतु मौखिक परीक्षा/साक्षात्कार के आयोजन के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–54/उ0अ0से0च0आ0/2024 दिनांक 19 जनवरी, 2024 द्वारा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अंतर्गत राज्य/जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के रिक्त पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आंमत्रित किये गये थे। उक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 06 एवं 07 अप्रैल, 2024 को आयोजित की गयी एवं साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 13.05.2024 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी।

लिखित परीक्षा के उपरान्त औपबंधिक अर्हता सूची में चयनित अभ्यर्थियों की मौखिक परीक्षा/साक्षात्कार लिया जाना है। मौखिक परीक्षा/साक्षात्कार के संबंध में नियोक्ता विभाग खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा अवगत कराया गया है कि मौखिक परीक्षा/साक्षात्कार **दिनांक 25.06.2024 से दिनांक 28.06.2024 तक** की अवधि में **लाइब्रेरी हॉल, मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल, उत्तराखण्ड** में आयोजित किया जाना है।

उक्त मौखिक परीक्षा/साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथाशीघ्र अपलोड किये जायेंगे, जिसकी सूचना अभ्यर्थियों के पंजीकृत मोबाइल संख्या पर SMS तथा ईमेल के माध्यम से भी दी जायेगी।

एक से अधिक पदों हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का एक ही साक्षात्कार लिया जायेगा। निर्धारित तिथि में उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थियों को पुनः कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

अतः लिखित परीक्षा में अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है वे अपने प्रवेश पत्र में अंकित दिशा निर्देशों के अंतर्गत निर्धारित तिथि को मौखिक परीक्षा/साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

-Sd-
(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव